**Title:** Requested the Government to release Rs. Sixty-one crore for construction of Indira Gandhi Canal in Rajasthan.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी और सदन का ध्यान एक बहुत बड़ी और गंभीर समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। राजस्थान में एक नहर है जिसे राजस्थान नहर या इंदिरा गांधी नहर के नाम से जाना जाता है। यह नहर हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच में है। इसके पूरे हो जाने से न केवल संपूर्ण राजस्थान को लाभ होगा बल्कि सारा भारतर्वा लाभान्वित होगा। इस नहर पर राजस्थान सरकार को प्रति र्वा 61 करोड़ रुपए केन्द्र सरकार की ओर से खर्च करने के लिए दिया जाता है, लेकिन इस र्वा वह नहीं दिया गया है। हो सकता है राजस्थान सरकार की ओर से हिसाब नहीं आया हो, इसलिए वह धन केन्द्र सरकार ने रोक दिया हो, लेकिन मैं भारत सरकार से आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इस नहर का जल्दी बनना नितान्त आ वश्यक है। इसलिए केन्द्र सरकार 61 करोड़ रुपए राजस्थान सरकार को तत्काल निर्गत करे। इससे न केवल राजस्थान की बहबूदी होगी अपितु पूरा भारतर्वा खुशहाल होगा। यह नहर भारत और पाकिस्तान के बीच में है। इसके निकट लोग बस सकेंगे इससे हमारे देश एवं प्रदेश को बहुत बड़ा लाभ होगा। इसलिए मैं पुनः आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं कि केन्द्र सरकार शीघ्र 61 करोड़ रुपया राजस्थान को इस नहर पर व्यय करने हेतु जारी करे। धन्यवाद ।